टैबलेट से बचेगा समय रहेगी पारदर्शिता : सीएम

कैबिनेट में टैबलेट लेकर पहुंचे सीएम और मंत्री

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 जनवरी. मंत्रालय में कैबिनेट के लिये मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सभी मंत्री भी टैबलेट लेकर पहुंचें. पिछली कैबिनेट में तो उन्हें कैबिनेट की प्रेसी मैनुअल भी दी गई थी, लेकिन इस बार उन्हें टैबलेट में ही एजेंडा मिला.

डॉ यादव ने टैबलेट में ही एजेंडा देखा और निर्णय के बाद सहमति भी जताई. पिछली बार नये वर्ष की पहली कैबिनेट में 6 जनवरी को मंत्रियों को टैबलेट दिये गये थे और उन्हें ई- टैबलेट एप्लीकेशन का प्रजेंटेशन देकर उपयोग का तरीका बताया गया था. अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान डॉ. यादव ने इस पर खुशी जताई और कहा कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. सीएम ने बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ हुआ है.यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा. इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा.इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं/सेवाएं शामिल हैं. यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा. प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही होगी. अगले चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन/शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा.

15 को खाते में आएगी 1500 रुपये की राशि

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है. 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रुपये की किश्त डाली जाएगी.

स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग करें मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है. राज्य में स्वच्छ जल अभियान आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा. प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा. आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है. अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी. पेयजल संबंधी शिकायतों को 181 पर दर्ज करने की विशेष व्यवस्था की गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को अपने-अपने जिलों में इस अभियान की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए.

14 से 18 जनवरी तक महाकाल महोत्सव का आज से शुभारंभ

- आस्था-संस्कृति और वैभव का होगा महामिलन
- आयोजन में दिखेगा उज्जैन का आध्यात्मिक वैभव
- आज गर्भगृह में होगा विशेष पूजन भगवान को अर्पित की जाएगी पतंग

नवभारत न्यूज

उज्जैन. महाकाल की नगरी उज्जैन एक बार फिर शिवभक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के विराट उत्सव की साक्षी बनने जा रही है. 14 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित होने वाला महाकाल महोत्सव आज से पूरे वैभव के साथ प्रारंभ होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करेंगे. महोत्सव में देश-विदेश से आए विद्वान, कलाकार और श्रद्धालु महाकाल के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे.

महाकाल महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उज्जैन की उस दिव्य पहचान का उत्सव है, जिसने सदियों से संपूर्ण विश्व को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है. द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की यह नगरी काल पर विजय के प्रतीक भगवान महाकाल के जयकारों से गूंज उठेगी. उज्जैन महाकाल मंदिर ,वीर भारत न्यास ,धर्मस्व विभाग संस्कृति मंत्रालय के नेतृत्व में यह महाकाल महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है.

महाकाल की नगरी, जहां उमड़ता है श्रद्धा का सागर-+उज्जैन वह भूमि है जहां प्रतिवर्ष करोड़ों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आते हैं. सावन, महाशिवरात्रि, सिंहस्थ और पर्वों पर यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है. देश ही नहीं, विदेशों से भी भक्त यहां पहुंचते हैं और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरी नगरी को गुंजायमान कर देते हैं. उज्जैन की आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कृति और परंपराएं संपूर्ण विश्व को प्रभावित करती हैं.

मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे. पहले दिन ख्यात गायक शंकर महादेवन अपने पुत्र सिद्धार्थ और शिवम के साथ प्रस्तुति देंगे. उनकी शिवभक्ति से ओतप्रोत संगीतमय प्रस्तुति से वातावरण भक्तिरस में सराबोर होगा.

महाकाल महोत्सव विश्व को जोड़ने का माध्यम

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि महाकाल महोत्सव उज्जैन के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को विश्व पटल पर स्थापित करने का सशक्त माध्यम है. यह उत्सव बताता है कि महाकाल की नगरी केवल एक शहर नहीं, बल्कि काल, कर्म और चेतना का जीवंत दर्शन है, जिससे पूरी दुनिया प्रभावित होती है.

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में होगा ज्योतिर्लिंग परंपरा का मंथन-महोत्सव के अंतर्गत त्रिवेणी संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें ज्योतिर्लिंग परंपरा, महाकाल दर्शन, भारतीय दर्शन और सनातन संस्कृति से जुड़े विविध विषयों पर विचार-विमर्श होगा. यह संगोष्ठी प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से सायं 4.30 बजे तक चलेगी. इसमें 10 देशों और भारत के 12 से अधिक राज्यों से आए विद्वान भाग लेंगे. यह संगोष्ठी उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक संवाद के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी.

मकर संक्रांति पर विशेष पूजन-महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि आज मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान महाकाल का गर्भगृह में विशेष पूजन होगा, सुबह की आरती में तिल के तेल से स्नान कराकर तिल्ली के लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा. भगवान को पतंग भी अर्पित की जाएगी. स्नान-दान की संक्रांति 15 जनवरी को रहेगी, जिसके चलते शिप्रा स्नान के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएँगे.

आईसीयू में अभी भी 8 मरीज भर्ती

- 03 वेंटिलेटर पर, 436 भर्ती में से 403 डिस्चार्ज
- 50 दलों ने किया घर-घर सर्वे, 3 दिन में 16 हजार की जांच

नव भारत न्यूज

इंदौर, 13 जनवरी. भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली स्वास्थ्य समस्या को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है. समाचार लिखे जाने तक 436 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए, जिनमें से 403 मरीज इलाज के बाद डिस्चार्ज हो चुके हैं. फिलहाल 33 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, इनमें 8 मरीज आईसीयू में हैं और 3 की हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर उपचार जारी है.

मंगलवार को प्रभावित क्षेत्रों में 50 दलों ने घर घर सर्वे किया. 187 सदस्यों की टीम ने महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की. रक्तचाप, शुगर और एनीमिया की जांच पर विशेष फोकस रखा. पिछले तीन दिनों में 16,208 लोगों की जांच की गई, जिसमें 278 लोगों में उच्च रक्तचाप और 161 लोगों में मधुमेह के लक्षण पाए. चिन्हित मरीजों को हेल्थ कार्ड देकर आगे की जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में जाने की सलाह दी. वहीं भागीरथपुरा क्षेत्र की ओपीडी में मंगलवार को 109 मरीज पहुंचे, जिनमें 5 डायरिया के मरीज शामिल थे. किसी भी मरीज को रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी. क्षेत्र के निवासियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए, जिनमें उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी प्रमुख सूचकांक दर्ज किए हैं. आशा कार्यकर्ताओं ने घर घर पहुंचकर लोगों को पानी उबालकर पीने, साफ सफाई रखने और चल रहे इलाज की दवाइयों का पूरा कोर्स लेने की समझाइश दी.

दूषित जल मामला

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में 2 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24म7 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को भी निःशुल्क जांच, उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के अभाव में परेशानी न हो.

पेज एक का शेष

पांच हजार करोड़ के कर्ज से सुधारेंगे शहरों की सेहत

इन विद्यालयों की स्थापना के लिए 3 हजार 660 करोड़ रुपये भी मंजूर किये गये हैं, द्वितीय चरण के प्रस्तावित विद्यालयों की क्षमता एक हजार से अधिक होगी. पहले चरण में 275 विद्यालय मंजूर किये गये थे. मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू होगी: कैबिनेट ने मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू किये जाने की स्वीकृति दे दी है. यह नीति उपग्रह निर्माण, भू स्थानिक विश्लेषण और डाउन स्ट्रीम अनुप्रयोगों में नवाचार को बढ़ावा देगी. प्रदेश में आगामी 5 वर्ष में 1 हजार करोड़ का निवेश और लगभग 8 हजार का रोजगार सृजन होगा. इस पर अनुमानित वित्तीय भार 628 करोड़ रूपये आयेगा.

यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए

- सहायक उप निरीक्षक स्व. रामचरण गौतम के परिवार को 90 लाख रुपये की श्रद्धा निधि स्वीकृत.
- ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50 फीसदी छूट मिलेगी.
- प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन सोलर सह स्टोरेज प्रदाय परियोजना की स्वीकृति. स्वीकृति अनुसार रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजना के तहत सोलर-सह चार घंटे 300 मेगावाट, सोलर सह छह घंटे 300 मेगावाट एवं सोलर-सह 24 घंटे 200 मेगावाट विद्युत प्रदाय की सिंगल साइकिल चार्जिंग आधारित ऊर्जा भंडारण परियोजना साकार होगी. इस परियोजना से राज्य में पीक डिमांड के समय भी सस्ती, स्वच्छ एवं भरोसेमंद विद्युत उपलब्ध हो सकेगी.
- राजगढ़ एवं रायसेन जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 898 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति
- वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के निर्धारण के लिए कैबिनेट कमेटी गठित होगी.

हेमंत खंडेलवाल और हितानंद ने मकरसंक्रांति पर दी बधाई

भोपाल, 13 जनवरी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं .खण्डेलवाल ने कहा कि लोहड़ी का पर्व नई फसल के स्वागत और उत्सव का प्रतीक है. यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और सौभाग्य लेकर आए. साथ ही समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव के भाव को मजबूत करने का संदेश भी देता है. उन्होंने मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भावना लेकर आता है. मकर संक्रांति नई ऊर्जा और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9826730340/9009433866, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60